# दिल्ली विस्फोट के बाद ग्वालियर अलर्ट

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय के सिचुएशन रूम से कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी की पड़ताल

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 11 नवम्बर।** दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद ग्वालियर को भी विशेष अलर्ट किया गया है स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय के सिचुएशन रूम से जिला कलेक्टर से कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी सार्वजनिक स्थलों, भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। साथ ही यह ध्यान भी रखा जाए कि आमजन और सामान्य जीवन प्रभावित न हो।

ग्वालियर कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकधर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी व्हीसी में मौजूद थे।



**भोपाल से यह अधिकारी भी जुड़े-**
पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद प्रदेश में किए गए सतर्कता के उपायों और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। सिचुएशन रूम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्य मार्गों से हटाया अतिक्रमण

**ग्वालियर ।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा क्षेत्र छापाखाना से माधवगंज, रॉक्सी टॉकीज तक यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही दुकानों के बाहर रखे सामान को अंदर कराया जाकर यातयात सुगम किया गया। इसके साथ ही समस्त दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि निर्धारित सीमा के बाहर सामान रख कर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा सामान जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।



# जन-सुनवाई में 97 लोगों की सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 11 नवम्बर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 97 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। अपर कलेक्टर कुमार सत्यम व अपर जिला दण्डाधिकारी सी बी प्रसाद सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 97 आवेदनों में से 42 दर्ज किए गए। शेष 55 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में स्कूलों में प्रवेश, राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारों को दिए गए। जन-सुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के नि:शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया।

संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया व विनोद सिंह ने भी जन सामान्य से आवेदन प्राप्त कर उनके निराकरण की कार्यवाही की।



# हर तस्वीर एक कहानी कहती है : आशीष

## क्लिक मैनिया 2025 में विद्यार्थियों ने दिखाया कला और तकनीक का अनोखा संगम।

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11 नबंवर।** हर तस्वीर की एक कहानी है, यह बात एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन द्वारा 'क्लिक मैनिया -नेशनल फोटोग्राफी कॉम्पिटिशन 2025' के आयोजन के दौरान, मशहूर डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफर और विज्ञापन फिल्म मेकर आशीष शुल्ख ने कही। इसमें देशभर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें भारत के विभिन्न प्राकृतिक स्थलों की प्रतिभागियों द्वारा ली गई तस्वीरें प्रदर्शित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो चांसलर ले. जनरल वी.के. शर्मा, एवीएसएम (से.नि.), कुलगुरू प्रो. (डॉ.) आर.एस. तोमर द्वारा फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर (रिसर्च) प्रो. (डॉ.) एम.पी. कौशिक भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. तोमर ने कहा कि कला और तकनीक का संगम ही आधुनिक शिक्षा की सच्ची पहचान है। एआई के इस दौर में तस्वीरों में रचनात्मकता को बनाये रखना एक बड़ी चुनौती है। वहीं प्रो चांसलर ले. जनरल वी.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'फोटोग्राफी समाज का आईना है, और हर युवा को इस आईने में बदलाव की नई तस्वीर गढ़नी चाहिए।'

कार्यक्रम का स्वागत संबोधन डॉ आदित्य शुक्ला, संस्थान प्रमुख ने दिया। उन्होंने बताया कि 'फोटोग्राफी केवल देखना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण से महसूस करना सिखाती है।' कार्यक्रम में प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर संजय दत्त शर्मा, सिनेमेटोग्राफर दिषांत जेसिंघानी और युवा फोटोग्राफर पाखी अरोड़ा ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आशीष सुल्क का प्रेरणादायक वर्कशॉप रहा। विद्यार्थियों ने इस सत्र से प्रकाश, कोण और रचनात्मक दृष्टि के माध्यम से क्षणों को सजीव बनाना सीखा।

प्रतियोगिता के अंत में प्रथम पुरस्कार प्रद्युत कुमार डे (पश्चिम बंगाल), द्वितीय पुरस्कार वर्षा वैष्णवी (रांची) एवं तृतीय पुरस्कार अर्शप्रीत सिंह (ग्वालियर) को प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. प्रणव मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. मनीष दूबे सहित विभाग के समस्त विद्यार्थी एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## समय-सीमा में सेवायें उपलब्ध न कराना भारी पड़ा

**ग्वालियर 11 नवम्बर।** लोक सेवा गारंटी कानून में अधिसूचित सेवायें आवेदकों को समय-सीमा में उपलब्ध न कराना जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के 7 सचिवों को भारी पड़ा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इन सचिवों पर अर्थदण्ड लगाया है। साथ ही तीन दिन के भीतर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन शाखा में चालान के जरिए अर्थदण्ड जमा कराने के आदेश दिए गए हैं। जिन ग्राम पंचायत सचिवों पर अर्थदण्ड लगाया गया है, उनमें ग्राम पंचायत सुनारपुरामाफी के सचिव भगवान सिंह रिठौरिया, बरेठा के सचिव भारत सिंह गुर्जर, बनियातोर के सचिव रवि कुमार, मेहगांव के सचिव प्रमोद सिंह, चिटौली के सचिव वीरेन्द्र सिंह, टेकनपुर के सचिव सुदरलाल बघेल एवं ग्राम पंचायत मकोड़ा के सचिव जितेन्द्र सिंह शामिल हैं। इन ग्राम पंचायत सचिवों ने विवाह पंजीयन आवेदन एवं जन्म व मृत्यु के अप्राप्यता प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदन लोक सेवा गारंटी कानून में निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकृत नहीं किए हैं। इस कारण इन सभी पर विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए अर्थदंड लगाया गया है।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11नवम्बर।** वंदे मातरम और बिरसा मुंडा दोनों ही समतुल्य हैं। वंदे मातरम भारत को स्वतंत्र करने का मंत्र है। ऐसा मंत्र जो हम सबको एकत्रित करता है, यह मातृभूमि की सेवा का मंत्र है। बिरसा मुंडा को भी हम वंदे मातरम के समतुल्य मान सकते हैं।स्वराज के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। बिरसा मुंडा में समाज को संगठित करने की अद्भुत क्षमता थी।

यह बात मंगलवार को प्रो.राजेंद्र बांदिल ने जेयू के गालव सभागार में आयोजित धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेयू की पूर्व कार्य परिषद सदस्य शेवंती भगत उपस्थित रहीं। वहीं अध्यक्षता कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने की।प्रो.जेएन गौतम के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शेवंती भगत ने कहा कि बिरसा मुंडा से पहले जितने भी विद्रोह हुए वह जमीन बचाने के लिए हुए। लेकिन बिरसा मुंडा ने तीन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उलगुलान किया। पहला, वह जल, जंगल, जमीन जैसे संसाधनो की रक्षा करना चाहते थे। दूसरा, नारी की रक्षा और सुरक्षा तथा तीसरा, वे अपने समाज की संस्कृति की मर्यादा को बनाये रखना चाहते थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.राजकुमार आचार्य ने कहा कि बाल्यावस्था से ही उनमें असाधारण नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और धार्मिक आस्था थी। उनका जीवन एक उदाहरण है कि सीमित साधनों में भी व्यक्ति अपने साहस और विचारों से समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कुलसचिव प्रो.राकेश कुशवाह ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के साथ संतुलन, सामाजिक समानता, और आत्मनिर्भरता ही विकास का सच्चा मार्ग है। आज जब हम सतत विकास की बात करते हैं, तो बिरसा मुंडा के विचार उस दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# आंतरिक परीक्षाओं के लिये विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11नवम्बर।** माधव महाविद्यालय में सोमवार से सत्र 2025- 2026 की स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ हुई। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में महाविद्यालय में संचालित हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, सँस्कृत साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, चित्रकला, संगीत एवं वाणिज्य की स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो सौ छात्र सम्मिलित हुये। डॉ.मंदाकिनी शर्मा, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग माधव महाविद्यालय ने बताया कि आंतरिक परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की आगामी समय में होने वाली मुख्य परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिये तैयारी करवाई गई है। लिखित परीक्षा के साथ ही मौखिक परीक्षा एवं कक्षा गतिविधियों की समय सारणी भी जारी की गई है। महाविद्यालय ने इस रणनीति के माध्यम से विश्व-विद्यालय की परीक्षाओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मेधावी सूची में स्थान बनाने की दिशा में प्रयास किये हैं। महाविद्यालय में चल रहीं इन आंतरिक परीक्षाओं का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.नीलेन्द्र सिंह तोमर,सँस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.विकास शुक्ला तथा डॉ.योजना तिवारी द्वारा किया जा रहा है।



# 17वां किरार सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को होगा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11नवम्बर।** अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के तत्वदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति मुरार द्वारा 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 30 अप्रैल को आयोजित किया गया था, जिसका आय - व्यय का विवरण किरार दर्शन पत्रिका के माध्यम से समाज बंधुओ को दिया गया तथा 17वॉ किरार सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को अक्षय तृतिया पर कराये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गुलाब सिंह किरार ने कहा कि जब समाज संगठित रहता है तो बडे से बडे कार्य आसानी से हो जाते हैं। समाज शक्ति के कारण ही जरूरतमंद विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह सम्मेलन में पिछले 16 वर्ष से लगातार कराये जा रहे हैं। आंगे भी इसी प्रकार जरूरतमंदो को सम्मेलन का लाभ मिले इसके लिए 17वें विवाह सम्मेलन का प्रचार प्रसार अभी से प्रारंभ हो जाए। पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि समाज में इस प्रकार के आयोजन से जरूरतमंद को बहुत बडा लाभ मिलता है। समय की मांग है कि विवाह सम्मेलन अधिक से अधिक हो। सम्मेलन में विवाह करने से फिजूल खर्चों से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर गुलाब सिंह किरार, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह, सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोती सिंह, संयोजक देव सिंह किरार, पूर्व जी डी ए अध्यक्ष रविंद्र राजपूत, पिछड़ावर्ग आयोग के सदस्य मान सिंह राजपूत, पार्षद मनोज राजपूत, महासभा के जिला अध्यक्ष बृजेश किरार, कल्याण सरपंच, राजेंद्र बंटी राजपूत, देवेंद्र पटेल सरपंच, रूप सिंग राजपूत, रामनरेश किरार, जुगल किरार, समिति के सचिव जगदीश सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।



## गायब हुई नाबालिग बालिका हरियाणा में मिली

**ग्वालियर।** आशोक परिवर्तित नाम निवासी जिला दतिया अपनी लड़की वंदना परिवर्तिन नाम उम्र 16 साल को अपने जीजा के घर मुरार में कुछ दिन रहने के लिये छोड गया था। 14 को मेरे जीजा दंदरौआ धाम दर्शन करने गये थे तथा मेरी लडकी ने जाने से मना कर दिया तो वह घर पर अकेली रह गई थी। जब दंदरौआ धाम से लौटकर घर आये तो देखा कि घर के कमरे का ताला लगा हुआ है तथा लडकी घर पर नहीं थी। अशोक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी और बताया कि मुझे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी लडकी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। थाना मुरार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त बालिका बिलासपुर खुर्द, गुरुग्राम में देखी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो उक्त अपहृत नाबालिग बालिका उपस्थित मिल गई।

## फर्जी दस्तावेजों से कराई दुकान की रजिस्ट्री

**ग्वालियर।** सगे भाई ने अपने रिश्तेदार व साथियों के साथ मिलकर दूसरे भाई की दुकान के फर्जी कागजात बनवा लिए और रजिस्ट्री कर दी। वास्तविक दुकान मालिक को जब इसका पता चला तो वह पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस जांच के नाम पर टरकाती रही तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर ग्वालियर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अर्जुनदास खत्री की रमटापुरा नम्बर-1 में दुकान है। इस दुकान के फर्जी दस्तावेज अर्जुनदास के भाई मुरारीलाल खत्री निवासी रमटापुरा नम्बर 1 सेवानगर ने अपने साथियों कुसुम खत्री पत्नी सतीश खत्री निवासी लवकुश विहार कॉलोनी सेवानगर, राहुल खत्री पुत्र विजय कुमार खत्री निवासी रमटापुरा, अंशुल पुत्र सतीश निवासी उदेतपुरा जिला भिंड तथा एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर बनवा लिए। प्टुकान के फर्जी दस्तावेज बनाए जाने की जानकारी जब अर्जुनदास खत्री को लगी तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस जांच के नाम पर आज-कल करती रही तो अर्जुनदास खत्री ने न्यायालय की शरण ली। सुनवाई करने के बाद न्यायायल ने बीते रोज परिवार जारी कर ग्वालियर पुलिस को निर्देश दिए कि वह फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करे। न्यायालय से परिवाद पहुंचने के बाद पुलिस ने मुरारीलाल खत्री निवासी रमटापुरा नम्बर 1 सेवानगर ने अपने साथियों कुसुम खत्री पत्नी सतीश खत्री निवासी लवकुश विहार कॉलोनी सेवानगर अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

# एम .आई .टी .एस . विद्यार्थियों का पारीछा ताप विद्युत संयंत्र का औद्योगिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11नवम्बर।** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के पारीछा ताप विद्युत संयंत्र का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ताप विद्युत उत्पादन की वास्तविक प्रक्रिया, संयंत्र संचालन की तकनीकी कार्यप्रणाली तथा ऊर्जा प्रसारण प्रणाली की प्रत्यक्ष समझ प्रदान करना था। संयंत्र के अधिकारियों सहायक अभियंता अर्चना गौर सहायक अभियंता सतीश कुमार शुक्ला तथा कार्यपालक अभियंता जी के वर्मा ने विद्यार्थियों को उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कराया और पूरे संयंत्र की कार्यप्रणाली का विस्तार से परिचय दिया। विद्यार्थियों ने क्रशर हाउस में कोयले की आपूर्ति और उसके बॉयलर फीड सिस्टम में उपयोग की प्रक्रिया को समझा। इसके बाद उन्होंने बॉयलर सेक्शन टर्बाइन हॉल तथा जनरेशन कंट्रोल स्टेशन का निरीक्षण किया, जहाँ उन्हें बताया गया कि भाप से प्राप्त यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में कैसे परिवर्तित किया जाता है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि संयंत्र में विद्युत उत्पादन लगभग 247 मेगावोल्ट-एम्पीयर (एम वी ए) क्षमता पर किया जाता है, जिसे स्टेप-अप ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से 400 किलोवोल्ट (केवी) तक बढ़ाकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रसारित किया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों को संयंत्र में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों, लोड प्रबंधन तकनीकों और कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में भी अवगत कराया गया। इस भ्रमण में विभाग के संकाय सदस्य प्रो. राकेश नार्वे , ई. राजेश शर्मा, ई. रवि गुप्ता एवं प्रो. हिम्मत सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और संयंत्र अधिकारियों से तकनीकी चर्चाएँ कीं। जो उनके व्यावसायिक विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।



## टमटम चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**ग्वालियर।** नितेश कुशवाह पुत्र बनवारी कुशवाह निवासी सुरैयापुरा ने वह टमटम किराये से चलाता है। उसने अपनी टमटम रात में अपने के बाहर खड़ी कर दी थी। सुबह देखा तो टमटम रखे हुये स्थान पर नही दिखी। कुशवाह ने थाना मुरार में रिपोर्ट कराई कि मेरी टमटम को कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है। मुरार पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे जनभागीदारी के कैमरों को चेक किया। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर टमटम चोरी करने वाले संदिग्ध व्यक्ति को चिन्हित किया और हुरावली मन्दिर के पास से पकड़ लिया।

# सारस्वत ब्राह्मण सभा का अन्नकूट दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11नवम्बर।** ब्राह्मण समाज एक मंच पर एक आवाज में एकत्रित हो इस आगाज के साथ सारस्वत ब्राह्मण सभा ग्वालियर और सारस्वत समाज के सभी साथियों के द्वारा दिवाली मिलन समारोह अन्नकूट के कार्यक्रम का स्वरूप समाज के सहयोग से बहुत ही उत्साहवर्तक समारोह के साथ एक निजि होटल सिटी सेंटर मैं मुख्य अतिथि डॉक्टर पीके सारस्वत स्किन स्पेशलिस्ट और के के सारस्वत गेस्ट ऑफ़ ऑनर और श्रीमती उर्मिला सारस्वत गेस्ट ऑफ ऑनर के अतिथि साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष गोपाल सारस्वत द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन सचिव शरद सारस्वत द्वारा और पुरस्कार वितरण का संचालन पुरुषोत्तम सारस्वत तथा आभार व्यक्त आशीष सारस्वत द्वारा किया गया। एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ पंडित वेद प्रकाश सारस्वत के द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया।

सारस्वत ब्राह्मण समाज के दसवीं और बारहवीं के 2024 - 25 वर्ष में उपलब्धि प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना, साथ ही विगत वर्ष में अन्य क्षेत्रों में जैसे गायन ,नृत्य ,खेल आदि अन्य किसी प्रोफेशनल डिग्री या कोर्स में उपलब्धि प्राप्त और किसी उच्च पद पर स्थान ग्रहण करने वाले प्रतिभाशाली सारस्वत समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए स्नेह- स्मृति सम्मान प्रदान किए गए।



# कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव 14 को

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11 नवम्बर।** कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल द्वारा होने जा रहे वार्षिक समारोह के संबंध में आयोजित प्रेस से चर्चा के दौरान मैनेजर सिस्टर टेस्सी मारिया वर्गीस और प्रिंसिपल सिस्टर रम्या वक्को ने बताया कि यह समारोह मानव सभ्यता के उदय से लेकर आधुनिक तकनीकी युग तक की प्रेरणादायक यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। प्रिंसिपल ने बताया कि 'समय - साक्षी स्वरूप' कार्यक्रम का केंद्रीय कथावाचक होगा जो दर्शकों को सिंधु घाटी, चीन, मिस्र और यूनान की प्राचीन सभ्यताओं से लेकर सिकंदर महान एवं सम्राट अशोक के आत्मबोधपूर्ण काल और इसके बाद फ्रांस, रूस एवं भारत की क्रांति के दौर तक ले जाएगा,जहां शिवाजी महाराज, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई और रामप्रसाद बिस्मिल जैसी विभूतियों की वीरगाथा प्रस्तुत की जाएगी। प्रिंसिपल सिस्टर रम्या वक्को ने कहा कि कार्यक्रम का आधुनिक अंक डिजिटल युग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की चुनौतियों को दर्शाते हुए संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों और संतुलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। उषा सिंह, श्रीमती इंद्राणी मुखर्जी, शोभा ठाकुर तथा कार्यक्रम संयोजक हेमलता सुखीजा ने मीडिया को कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के आनंदोत्सव का आयोजन

## 250 परिवार के सदस्यों ने दी प्रस्तुतियां महिलाओं की भागीदारी सराहनीय - कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11 नवम्बर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर द्वारा आयोजित आनंदोत्सव 2025 पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह रेशमतारा रिसॉर्ट में अपार उत्साह के साथ हुआ। यह आयोजन कई मायनों में अनूठा और भावनात्मक रहा।

**संस्कृति और संवेदना से जुड़ा शानदार नाट्य मंचन:** जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ग्रुप के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका, जिसमें भारतीय संस्कृति से लेकर आधुनिक जीवनशैली तक आए बदलावों को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया। नाटक के माध्यम से मोबाइल की लत, पारिवारिक समय की कमी, और घर के भोजन से दूरी जैसी आज की सामाजिक विकृतियों को सहज और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटिका का संचालन हिमानी जैन ने किया। 35 मिनिट के इस एक्ट ने सभी उपस्थित जनों के मन को ऐसा छूआ कि लोग अपने जमाने के दृश्यों को देखकर भावुक हो गए और आँखे नम हो गई। मुख्य अतिथि कलेक्टर रुचिका चौहान ने पूरे आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैन समाज सदैव सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों में अग्रणी रहा है। समाज सेवा के कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने अपने उद्बोधन में गोपाचल पर्वत स्थित भगवान पार्श्वनाथ की 42 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा की भी सराहना की।

**कपल डांस फ्लोर और रैंप वॉक पर मची डांस मस्ती की धूम:** आनंदोत्सव में मनोरंजन का पूरा रंग जमा। कपल डांस और कपल रैंप वॉक में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष अनुपम महिमा चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश पल्लवी जैन, संजय अंजू जैन, आशीष-अंकिता जैन, शीतल-अमृता जैन, निवर्तमान अध्यक्ष अमरीश-नीता जैन, अध्यक्षा रश्मि-प्रशांत जैन, सचिव आशीष-प्रियंका जैन, कोषाध्यक्ष अमित-राखी जैन सहित पारस जैन, विनय जैन, अनिल शाह, रूपेश जैन, विजय जैन, शैलेन्द्र जैन, गगन जैन, राजुल जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रदीप जैन, मयंक जैन, ठा. आशीष जैन आदि बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।